		देश के सम्मान की रक्षा करने के लिए महान बलिदान देने हेतु सशस्त्र बलों के अधिकारियों और जवानों के प्रति देश ऋणी है। ऐसा करने में उनमें से बहुतों ने अपनी जान गवांई है। उनके स्मरण में उपयुक्त स्मारक का निर्माण करना राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रिन्सेज पार्क में एक युद्ध स्मारक बनाया जाएगा। इसका अनुपूरण युद्ध संग्रहालय द्वारा होगा। इसके लिए, मैं 100 करोड़ रुपए का आवंटन देता हूँ।	श्री मनोहर पर्रीकर
		[नोडल मंत्रालय/विभागः रक्षा मंत्रालय]	

क्रम.सं.	{É®É o.É.	¤ÉVÉ] PÉÉKÉhÉÉ	BÉEÉ aÉÉx´É aÉxÉ BÉEÉ |ÉÉÉo lÉÉiÉ

128 143 ®FÉÉ =i{ÉÉnxÉ

वर्ष 2011 में, सरकारी और निजी सेक्टर की कंपनियों को आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के लिए अलग से एक निधि की घोषणा की गई थी, इसमें एसएमई तथा देश में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षमता बढ़ाने वाली रक्षा प्रणाली के अनुसंधान और विकास में सहायक शैक्षिक और वैज्ञानिक संस्थाएं शामिल हैं। तथापि, घोषणा के अलावा, कोई कार्य नहीं किया गया। इसलिए, इस उद्देश्य की सहायता के लिए, प्रौद्योगिकी विकास निधि स्थापित करने हेतु, मैं 100 करोड़ रुपए निर्धारित करने का प्रस्ताव करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः रक्षा मंत्रालय]

स्टेकहोल्डरों के साथ बातचीत पूरी हो गयी है और मंत्रिमंडल के समक्ष रखी जाने वाली टिप्पणी का प्रारूप तैयार किया जा रहा है।

BÉEÉaÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

129 144 +ÉÉiÉÉ®BÉE oÉ®FÉÉ

राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण की स्कीम की समीक्षा की जाएगी। मैं, मौजूदा वित्त वर्ष में आवंटन 2013-14 के 1,847 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 3,000 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखता हूँ। वामपंथी अतिवाद प्रभावित जिलों के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सहायता के रूप में छोटे परन्तु अति आवश्यक विकास कार्य पूरा करने के लिए भी, मैं अतिरिक्त निधियां आवंटित करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]

एमपीएफ योजना को अधिक प्रभावी और कारगर बनाने के लिए, अपर महानिदेशक, बीपीआरएंडडी की अध्यक्षता में एक समिति 8 सितम्बर, 2014 को गठित की गई थी। इसने अपनी रिपोर्ट 03.12.2014 को प्रस्तुत कर दी है।

2014-15 में संशोधित अनुमान स्तर पर अतिरिक्त निधियां प्रदान करने के लिए, 1847 करोड़ रुपए की राशि को बढ़ाकर 3000 करोड़ रुपए करने के संबंध में मामले को वित्त मंत्रालय के साथ लिया गया है।

BÉEÉaÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

130 145 सीमा अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण के लिए, 2,250 करोड़ रुपए की राशि रखी गयी है। इसके अतिरिक्त, सीमावर्ती गावों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए, 990 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गयी है। समुद्री पुलिस थाना, जेटीज के निर्माण, और नावों की खरीद आदि के लिए 150 करोड़ रुपए की राशि भी रखी गयी है।

[नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]

तीन आबंटनों में से, क्रमशः 914.30 करोड़ रुपए, 744.56 करोड़ रुपए और 12.88 करोड़ रुपए की राशि 25 जनवरी, 2015 तक खर्च की गई हैं।

BÉEÉaÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

131 146 ®ÉK]ÉaÉ {ÉÉãÉoÉ oàÉÉ®BÉE

पुलिस बलों के अधिकारियों और जवानों के प्रति राष्ट्र ऋणी है। इनमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल भी शामिल हैं जो देश के भीतर लगातार दुश्मनों से लड़ते रहते हैं और इस प्रक्रिया में कर्तव्य का पालन करते हुए अपने जीवन का बलिदान देते हैं। मैं उपयुक्त राष्ट्रीय पुलिस स्मारक बनाने की घोषणा करता हूँ। मौजूदा वित्त वर्ष में इसके लिए मैं, 50 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने का प्रस्ताव करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]

चाणक्य पुरी, नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस मेमोरियल के, एनबीसीसी के माध्यम से, नवीकरण के लिए 53.94 करोड़ रुपए की लागत से, आईबी अपना प्रस्ताव प्रस्तुत कर रही है ताकि विद्यमान संरचनाओं का उपयोग किया जा सके तथा डिजाइन डीयूएसी मानकों के अनुरूप हो।

BÉEÉaÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

क्रम सं.	तारांकित प्रश्न सं.	विषय	उत्तर
132	147	**VIII** भारत की समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहर उद्योग के रूप में पर्यटन के विकास और रोजगार सृजन के लिए बड़ी संभावना प्रदान करती है। मैं, विशिष्ट थीमों के इर्द-गिर्द 5 पर्यटक सर्किट बनाने तथा इस प्रयोजनार्थ 500 करोड़ रुपए निर्धारित करने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः पर्यटन मंत्रालय]	एसएफसी ने 18 दिसम्बर, 2014 को हुई अपनी बैठक में इस योजना का मूल्यांकन किया था। मार्गनिर्देश अनुमोदित किए गए। राष्ट्रीय संचालन समिति की पहली बैठक 14.01.2015 को हुई। योजना को कार्यान्वित करने के लिए मिशन निदेशालय स्थापित किया गया है। श्रीमती रेणु शर्मा
133	148	इस वित्त वर्ष राष्ट्रीय तीर्थस्थल पुनरूद्धार और आध्यात्मिक परिवर्धन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए 100 करोड़ रुपए नियत किए जा रहे हैं। [नोडल मंत्रालय/विभागः पर्यटन मंत्रालय]	मार्गनिर्देश अनुमोदित किए गए। राष्ट्रीय संचालन समिति की पहली बैठक 14.01.2015 को हुई। योजना को कार्यान्वित करने के लिए मिशन निदेशालय स्थापित किया गया है। श्रीमती रेणु शर्मा
134	149	विरासत नगरों की विशिष्टताओं के संरक्षण और परिरक्षण के लिए राष्ट्रीय विरासत नगर विकास एवं संवर्धन योजना लागू की जाएगी। मैं, यह कार्यक्रम मथुरा, अमृतसर, गया, कांचीपुरम, बेल्लांकनी और अजमेर जैसे नगरों में आरम्भ करने का प्रस्ताव करता हूँ। इस प्रयोजन के लिए, मैं 200 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव करता हूँ। किफायती तकनीकों और सहभागिता के आधार पर यह परियोजना सरकार, शैक्षिक संस्थाओं और स्थानीय समुदायों द्वारा संयुक्त रूप से क्रियान्वित की जाएगी। [नोडल मंत्रालय/विभागः शहरी विकास मंत्रालय]	राष्ट्रीय विरासत नगर विकास और संवर्धन योजना अनुमोदित की गई। यह योजना 21.1.2015 को शुरू की गई। इस योजना के अंतर्गत विकास के लिए 12 नगरों अर्थात वाराणसी, अमृतसर, अजमेर, मथुरा, गया, कांचीपुरम, वेलांकनी, बाड़ामी, अमरावती, वारंगल, पुरी और द्वारका को अभिज्ञात किया गया है। श्रीमती रेणु शर्मा
135	150	पुरातात्विक स्थलों के परिरक्षण की ओर भी अविलम्ब ध्यान दिया जाना जरूरी है, अन्यथा अपनी भावी पीढ़ी के लिए हम कहीं इन प्राचीन विरासतों से हाथ न धो बैठें। इस प्रयोजन के लिए, मैं 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करना चाहता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः संस्कृति मंत्रालय]	बजट अनुमान में 100 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। कार्रवाई शुरू करने के लिए स्मारकों की पहचान की गई है। श्रीमती रेणु शर्मा
136	151	पूरे विश्व से पर्यटकों को आकृष्ट करने के लिए विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाओं से, सारनाथ-गया-वाराणसी बौद्ध सर्किट विकसित किया जाएगा। [नोडल मंत्रालय/विभागः संस्कृति मंत्रालय; पर्यटन मंत्रालय]	नई स्कीम के मार्ग-निर्देशों को अनुमोदित करके जारी किया गया है। बौद्ध सर्किट सहित पांच सर्किटों को अनुमोदित किया गया है। श्रीमती रेणु शर्मा

क्रम सं.	उत्तर सं.	प्रश्न का विषय	उत्तर
137	152	गोवा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। यह भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों के एक स्थायी स्थल के रूप में भी घोषित हो चुका है। यहां एक विश्वस्तरीय समारोह स्थल विकसित किए जाने की महती आवश्यकता है। यह कार्य निजी क्षेत्र के घनिष्ठ सहयोग से सबसे अच्छी तरह किया जा सकता है। भारत सरकार वीजीएफ स्कीम के जरिए सरकारी-निजी-सहभागिता के आधार पर सुविधाएं विकसित करने के इस कार्यक्रम को पूरी सहायता देगी। [नोडल मंत्रालय/विभागः सूचना और प्रसारण मंत्रालय]	गोवा को स्थायी स्थल घोषित करने के संबंध में समझौता ज्ञापन पर गोवा सरकार के साथ हस्ताक्षर किए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री (सूचना और प्रसारण)
138	153	नदियां हमारे देश की जीवन रेखाएं हैं। ये हमें न सिर्फ खाद्यान्न उत्पादन के लिए पानी उपलब्ध करती हैं, अपितु पेयजल भी उपलब्ध कराती हैं। दुर्भाग्यवश, इनमें बारह मास समान रूप से पानी नहीं होता। इसलिए नदियों को जोड़ना देश के लिए असाधारण रूप से लाभकारी हो सकता है। यही समय है जब हमने इस दिशा में गंभीरतापूर्वक आगे बढ़ने का गंभीर प्रयास किया है। इस सम्बन्ध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शीघ्र तैयार करने के लिए, मैं 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]	इस कार्यक्रम पर आगे कार्रवाई करने के लिए एक विशेष समिति तारीख 23.09.2014 की अधिसूचना द्वारा गठित की गई है। 16 संभाव्यता रिपोर्टें पूर्ण हो गई हैं, जिनमें से 14 प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत और 2 हिमालयी घटक के अंतर्गत आती हैं। आज की तारीख तक, प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत पांच विस्तृत परियोजना रिपोर्टें भी पूरी हो गई हैं। आयोजना स्कीम के आईडब्ल्यूआरएसडी घटक अर्थात नदी थाला प्रबंधन के अंतर्गत नदी को आपस में जोड़ने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के कार्य के लिए चालू वित्त वर्ष 2014-15 में 60 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। नदी को आपस में जोड़ने के कार्यक्रम के अंतर्गत नियत उद्देश्यों की पूर्ति के लिए, नदियों को आपस में जोड़ने के बारे में गठित विशेष समिति ने उप-समितियां बनाई हैं। अभी तक नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्टें राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी द्वारा तैयार की जा रही हैं। राज्यों को निधियां जारी करने के लिए, एसएफसी की बैठक की जा रही है जिससे राज्य अंतर-राज्यिक परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्टें स्वयं बना सके। केन्द्रीय मंत्री (सूचना और प्रसारण)
139	154	गंगा, इस देश की सामूहिक चेतना में विशिष्ट पावन स्थान रखती है। इस नदी के अनुरक्षण और सुधार के लिए काफी राशि खर्च की जा चुकी है। तथापि, सभी हिताधिकारियों द्वारा किए जाने वाले समन्वित प्रयासों की कमी के चलते, अब तक किए गए प्रयासों से वांछित परिणाम नहीं मिले हैं। मैं, ''नमामि गंगे'' नामक एकीकृत गंगा अनुरक्षण मिशन की स्थापना	इस उद्देश्य के लिए, 2037 करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। व्यय वित्त समिति ने 30 दिसम्बर, 2014 को हुई अपनी बैठक में इस स्कीम का मूल्यांकन किया है। मंत्रिमंडल के विचारार्थ टिप्पणी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री (सूचना और प्रसारण)

क्रम संख्या	तारांकित संख्या	प्रश्न	उत्तर

का प्रस्ताव करता हूँ और इस प्रयोजन के लिए 2,037 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]

140 155 प्रश्न के उत्तर में दिए गए वक्तव्य का संक्षिप्त रूप

हमारी नदियों के नदी तट और घाट न केवल प्रचुर ऐतिहासिक विरासतयुक्त हैं, अपितु उनमें से अधिकांश पावन स्थल भी हैं। देश में इस प्रक्रिया के श्री गणेश के लिए, मैं चालू वित्त वर्ष में घाट विकास और केदारनाथ, हरिद्वार, कानपुर, वाराणसी, इलाहाबाद, पटना और दिल्ली में नदी-तट के सौन्दर्यीकरण के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]

व्यय वित्त समिति ने 30 दिसम्बर, 2014 को हुई अपनी बैठक में इस स्कीम का मूल्यांकन किया है। मंत्रिमंडल के विचारार्थ टिप्पणी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

प्रगति की समीक्षा की जाएगी

141 156 +ऐसे संस्थानों की स्थापना

भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य तथा संस्कृति के संवर्धन और परिरक्षण जैसे क्षेत्रों के विकास में अनिवासी भारतीयों का योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण रहा है। इस संदर्भ में, गंगा नदी के अनुरक्षण को लेकर अनिवासी भारतीयों की प्रेरणा और उत्साह को उपयोग में लाने के लिए, एक अनिवासी भारतीय निधि गठित की जाएगी। यह विशेष परियोजनाओं को वित्तपोषित करेगी।

[नोडल मंत्रालय/विभागः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]

मंत्रिमंडल ने यह योजना 24 सितम्बर, 2014 को अनुमोदित की।

कार्यान्वयन की प्रक्रिया चल रही है

142 157 उत्कृष्टता केन्द्र

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के ऐसे कई अग्रणी अनुसंधान केंद्र हैं जो नैनोटेक्नोलॉजी, सामग्री विज्ञान, तथा बायोचिकित्सा उपकरण प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट अनुसंधान कार्य कर रहे हैं। सरकार इस तरह की कम से कम पांच संस्थाओं को प्रौद्योगिक अनुसंधान केंद्र के रूप में सुदृढ़ करेगी ताकि इन्हें सरकारी-निजी-सहभागिता द्वारा नवोन्मेषी अनुसंधान में और प्रभावी बनाया जा सके।

[नोडल मंत्रालय/विभागः विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रालय]

विशेषज्ञ समितियों/कार्यबलों/परियोजना मूल्यांकन समितियों(पीएसी) द्वारा पांच तकनीकी अनुसंधान केन्द्रों के प्रस्तावों की समीक्षा की जाएगी। यह कवायद पांच प्रस्तावों में से तीन के बारे में पूरी कर ली गई है। शेष दो प्रस्तावों के बारे में कवायद चल रही है।

प्रगति की समीक्षा की जाएगी

क्रम.सं.	तारांकित प्रश्न सं.	माननीय सदस्य का नाम	उत्तर की संक्षिप्त जानकारी
143	158	फरीदाबाद और बेंगलुरू में बायोटेक क्लस्टरों का विकास उच्चतर अन्तर्राष्ट्रीय गुणवत्ता से और अधिक किया जाएगा। यह प्रयास डिजीज़ बायोलाजी, स्टेम सेल बायोलाजी और हाइ-एंड इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोपी के लिए मॉडल आरगेनिज्म संसाधनों के आकलन में वैश्विक भागीदारी को जोड़ेगा। [नोडल मंत्रालय/विभागः विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय]	बायोसाइंस क्लस्टर (बी-लाइफ) के लिए, आवश्यक निधियां जनवरी, 2015 के पहले सप्ताह में जारी कर दी गई हैं। फरीदाबाद स्थित एनसीआर बायोटेक सांइस क्लस्टर के लिए, वित्तीय अनुमोदन अंतिम चरण में हैं। डॉ. महेश शर्मा
144	159	मोहाली में अभिनव कृषि बायोटेक क्लस्टरों से प्लांट जेनेटिक तथा फेनो-टाइप प्लेटफार्म का कार्य बहुत तेजी से आगे बढ़ेगा। इसके अलावा, निजी तथा सरकारी भागीदारी के आधार पर मोहाली में कृषि पर अत्यधिक जोर दिया जाएगा। इसके अलावा, पुणे और कोलकाता में भी दो नए क्लस्टर्स स्थापित किए जाएंगे। [नोडल मंत्रालय/विभागः बायोटेकनोलोजी विभाग]	मोहाली में स्थित एग्री-बायोटेक क्लस्टर को बढ़ाने, तथा पुणे और कोलकाता में दो नए क्लस्टरों की स्थापना के प्रस्ताव वित्तीय अनुमोदन के लिए भेजे गए हैं। डॉ. महेश शर्मा
145	160	अंतरराष्ट्रीय जेनेटिक इंजीनियरिंग और बायो-टेक्नोलाजी केंद्र के दिल्ली घटक को लाइफसाइन्स और बायोटेक्नोलाजी के क्षेत्र में विश्व अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए भारत के नेतृत्व में वैश्विक भागीदारी विकसित की जाएगी। [नोडल मंत्रालय/विभागः बायोटेकनोलोजी विभाग]	अंतरराष्ट्रीय जैनेटिक इंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी केन्द्र के बारे में मंत्रिमंडल के विचारार्थ टिप्पण प्रस्तुत कर दिया गया है। इस केन्द्र के कार्यकलापों को जारी रखने के लिए आवश्यक निधियां जारी कर दी गयी हैं। डॉ. महेश शर्मा
146	161	2014-15 में कई प्रमुख अन्तरिक्ष मिशनों की योजना है, जिनमें भारत के भावी हैवी क्षमता वाले लान्चर जीएस.एल.वी. एम.के.-II की प्रायोगिक उड़ान, पी.एस.एल.वी. का वाणिज्यिक प्रक्षेपण और दो और नेवीगेशनल उपग्रह आदि शामिल हैं। [नोडल मंत्रालय/विभागः अंतरिक्ष विभाग]	दो सॉलिड बूस्टर(एस 200) प्राप्त हो गए हैं और उन्हें सॉलिड स्टेज एसेम्बली बिल्डिंग पर मोबाइल लांच पेडस्टल पर असेंबल किया गया। कोर लिक्विड स्टेज (एल-110) पर अबोनिक्स असेम्बलीयुक्त इलैक्ट्रिकल जांच और कार्यात्मक परीक्षण पूरे हो गए हैं। तकनीकी परिसर पर पैसिव क्रायोजेनिक स्टेज (सी 25) कार्यात्मक जांच कर रही है। पीसीएलवी-सी 23 ने कनाडा से फ्रेंच अर्थ ऑबजर्वेशन उपग्रह एसपीओटी-7 और 4 को-पैसेंजर उपग्रह अर्थात. एनएलएस 7.1 और एनएसएस 7.2, एआईएसएटी जर्मनी से और वीएलओएक्स। सिंगापुर से 30 जून, 2014 को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए गए। डॉ. जितेन्द्र सिंह

क्रम संख्या	तारांकित संख्या	प्रश्न	उत्तर
147	162	मंगल ग्रह की परिक्रमा करने वाला हमारा अन्तरिक्ष यान डेजिग्नेटेड हेलियो सेन्ट्रिक ट्रैजेक्टरी के साथ अपनी 300 दिवसीय अंतरिक्ष यात्रा पर है। मार्स आरबिटर अन्तरिक्ष यान के 24 सितम्बर, 2014 तक मंगलग्रह की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है। [नोडल मंत्रालय/विभागः अंतरिक्ष विभाग]	
148	163	JÉãÉ iÉlÉÉ aÉ´ÉÉ àÉÉàÉãÉ JÉãÉ खेल प्रगति और वैयक्तिक विकास का एक अभिन्न हिस्सा हैं। दुर्भाग्यवश, हमारे देश में खेल अभी तक मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार देश के विभिन्न भागों में प्रमुख खेलों को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमियां स्थापित करेगी। निशानेबाजी, तीरन्दाजी, मुक्केबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन तथा विविध ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं के क्षेत्र में, देश में प्रतिभासंपन्न एथलीटों के प्रशिक्षण और जूनियर एवं सब-जूनियर स्तर पर प्रतिभासंपन्न खिलाडियों को आगे बढाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सहूलियतों और सुविधाओं से लैस अकादमियों की स्थापना की जाएगी। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	कनिष्ठ खेल अकादमियों और राष्ट्र स्तरीय खेल अकादमियों के गठन की प्रक्रिया चल रही है। व्यय वित्त समिति के नोट के शीघ्र ही तैयार होने की संभावना है। BÉEÉaÉ lÉMÉÉiÉ {É®
149	164	जम्मू-कश्मीर में पर्याप्त खेल प्रतिभाएं विद्यमान हैं किन्तु अपर्याप्त खेल सुविधाओं के कारण वहां के युवक अपनी प्रतिभा को निखार नहीं पा रहे हैं। मैं, जम्मू में और कश्मीर घाटी में अन्तर्राष्ट्रीय मानकों वाले इन्डोर और आउटडोर खेल स्टेडियमों के उन्नयन के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। इसके अनुमोदन के पश्चात, जम्मू-कश्मीर राज्य सरकार से परामर्श करके पीएमसी कार्यों के लिए पब्लिक सेक्टर उपक्रम का चयन करने हेतु एनआईटी जारी किया जाएगा। BÉEÉaÉ lÉMÉÉiÉ {É®
150	165	मैं, मणिपुर में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव करता हूँ। इसके लिए, मैं, चालू वित्त वर्ष में 100 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	प्रस्तावित विश्वविद्यालय के लिए जगह का पता मणिपुर के थाउबल उप संभाग के 44-येथीबी में लगाया गया है। फेकल्टी रखने के साथ आवश्यक आधारभूत ढांचा सृजित किए जाने के बाद, राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय पूरी तरह से काम करने लगेगा। निवेश-पूर्व कार्यों के लिए, व्यय विभाग 50 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर सहमत हो गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र प्रस्तुत करने के लिए, एक पृथक एजेंसी अर्थात हिंदुस्तान प्रीफैब लिमिटेड को नियुक्त किया गया है। BÉEÉaÉ lÉMÉÉiÉ {É®

क्रम संख्या	तारांकित प्रश्न संख्या	माननीय सदस्य का नाम तथा प्रश्न का विषय	उत्तर
151	166	देश के हिमालयी क्षेत्र में तथा इसके विविध भागों में बसे राज्यों में खेलों की अपनी अनोखी परम्पराएं विकसित हुई हैं। इनके विकास के लिए, भारत इन खेलों को बढ़ावा देने के लिए, वार्षिक खेल आयोजित करेगा और इन खेलों में जम्मू-कश्मीर, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों जैसे भारतीय राज्यों के साथ-साथ, नेपाल और भूटान जैसे देशों को आमंत्रित किया जाएगा। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	अवधारणा नोट अनुमोदित किया जा चुका है। एसएफसी ने प्रस्ताव का मूल्यांकन कर लिया है। प्रतिस्पर्धाओं के आयोजन के लिए मसौदा स्कीम तैयार कर ली गई है। समारोह आयोजित करने के तौर-तरीकों पर सचिव(खेल), असम और मणिपुर सरकारों के साथ 19 जनवरी, 2015 को विचार-विमर्श कर लिया गया है। यह निर्णय लिया गया कि वार्षिक रूप से प्रतियोगिताएं गुवाहाटी, असम में अक्टूबर माह में किसी समय आयोजित की जा सकेंगी। इस प्रयोजनार्थ, 5 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया जा रहा है। स्कीम दस्तावेज अनुमोदित किया जा चुका है। खेल मंत्रालय
152	167	आगामी एशियायी खेलों में भारत के पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए, मैं 100 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	100 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गयी है। खेल मंत्रालय
153	168	श्री नौकरी की उपलब्धता सम्बन्धी सूचना देने के साथ-साथ रोजगार कार्यालयों को कैरियर केंद्रों के रूप में पुनर्गठित किया जाएगा। ये केंद्र अब युवाओं को परामर्श-सलाह की सुविधा देंगे जिससे कि वे अपनी योग्यता और रुझान के अनुरूप अपने लिए रोजगार चुन सकें। मैंने इस कार्य के लिए 100 करोड़ रुपए की राशि नियत की है। [नोडल मंत्रालय/विभागः श्रम और रोजगार मंत्रालय]	कैरियर केन्द्रों के लिए एसएफसी, राष्ट्रीय कैरियर सर्विस परियोजना के विशिष्ट घटक के रूप में अनुमोदित की गयी है। मॉडल कैरियर केन्द्रों के लिए दिशा-निर्देश जारी हो चुके हैं। प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और उनको अंतिम रूप दिया जा रहा है। खेल मंत्रालय
154	169	भारत का युवा व्यावहारिक, दूरदृष्टि सम्पन्न है और सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनने की इच्छा रखता है। नेतृत्व कौशलों के विकास के लिए, मैं 100 करोड़ रुपए के आरम्भिक आवंटन से ''युवा अग्रणी कार्यक्रम'' की स्थापना का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः युवा कार्य और खेल मंत्रालय]	केन्द्रीय सेक्टर की एक नई योजना अर्थात 'राष्ट्रीय यूथ लीडर्स प्रोग्राम' दिसम्बर, 2014 में शुरू की गयी है। खेल मंत्रालय
155	170	**IX** जम्मू-कश्मीर से विस्थापित व्यक्तियों का पुनर्वास इस देश में विस्थापित कश्मीरी प्रवासियों के पुनर्वास हेतु हमारे विशेष सहयोग की जरूरत है। मैं, चालू वित्त वर्ष में इसके लिए 500 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/ विभागः गृह मंत्रालय]	(क) 500 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। (ख) प्रधानमंत्री के विद्यमान पैकेज 2008 में संशोधन के लिए, जम्मू-कश्मीर सरकार से 5820 करोड़ रुपए की वित्तीय विविक्षा वाला प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इसमें, मौजूदा पैकेज के अधिकांश मदों में अभिवृद्धित संशोधन की बात कही गयी है।

क्रम संख्या	तारांकित प्रश्न संख्या	माननीय सदस्य का नाम	उत्तर की संक्षिप्त रूपरेखा
			(ग) पिछले अनुभव को देखते हुए, यह महसूस किया गया है कि कश्मीरी प्रवासियों के पुनर्वास के लिए नए पैकेज को, राज्य सरकार के अधिकारियों तथा प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके, ध्यानपूर्वक अंतिम रूप दिया जाए। राज्य सरकार के अधिकारियों और प्रवासियों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श हो गए हैं। अब, योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तदनुसार, 2014-15 के बजट में निर्दिष्ट की गयी धनराशि का उपयोग किया जाएगा। (घ) गृह मंत्रालय ने कश्मीरी प्रवासियों के लिए नकद सहायता वर्तमान 1650 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रति व्यक्ति प्रतिमाह करने के लिए अनुमादेन प्रदान कर दिया है।
156	171		एसएफसी मीटिंग की तारीख निश्चित की जा रही है।
		देश में हिमालय अध्ययन की वर्तमान क्षमता को बढ़ाने की महती आवश्यकता है। मैं, 100 करोड़ रुपए के आरम्भिक परिव्यय से उत्तराखंड में एक राष्ट्रीय हिमालय अध्ययन केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय]	
157	172		आंध्र प्रदेश सरकार ने अनंतपुर जिले के पलसमुद्रम गांव में अकादमी की स्थापना के लिए 500 एकड़ भूमि आबंटित की है और कार्रवाई की जा रही है।
		हिन्दुपुर, आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय सीमा-शुल्क तथा उत्पाद-शुल्क अकादमी की स्थापना का प्रस्ताव है। [नोडल मंत्रालय/विभागः राजस्व विभाग]	
158	173		उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में आर्गेनिक खाद्य को बढ़ावा देने के लिए 2014-15 के बजट में, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास विभाग को 100 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध करायी गयी है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए अवधारणा टिप्पण सहित व्यय वित्त समिति/एसएफसी के समक्ष रखे जाने वाले ज्ञापन के प्रारूप को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
		भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्गेनिक खेती के विकास की असाधारण क्षमता है। आर्गेनिक खाद्य की पूरी दुनियां में बढ़ रही मांग से, पूर्वोत्तर के राज्यों में रहने वाले लोग वाणिज्यिक आर्गेनिक खेती के विकास से काफी लाभ कमा सकते हैं। इस कार्य को सुगम बनाने के लिए, मैं चालू वित्त वर्ष में इस प्रयोजन हेतु 100 करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का प्रावधान करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय]	

क्रम सं.	उत्तर सं.	तारांकित प्रश्न	उत्तर
159	174	पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल परियोजनाएं समुचित जुड़ाव के अभाव में पूर्वोत्तर क्षेत्र अलगाव की भावना और अपर्याप्त विकास से जूझता रहा है। इस अंतराल को पाटने के लिए यहां रेल प्रणाली का विकास एक तात्कालिक आवश्यकता है। मेरा इरादा इस क्षेत्र में रेल सम्पर्क बढ़ाने का है। इसके लिए, मैं अंतरिम बजट में उपलब्ध करायी गयी राशि के अलावा, 1000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः रेल मंत्रालय]	पूर्वोत्तर क्षेत्र में 19 रेल परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से 9 राष्ट्रीय परियोजनाएं हैं। उच्चतर एवं आश्वस्त आबंटन से इस क्षेत्र से और इस क्षेत्र में कार्यों की सघन मॉनीटरिंग करके, दो नई लाइन परियोजनाएं अर्थात हारमुती से नाहरलगन (ईटानगर) और (ii) दुधनोई-मेंदीपाथर (2014-15 में मेघालय में पहली बार ब्रोडगेज रेल लिंक) पूरी हो गई हैं। एक गेज परिवर्तन परियोजना अर्थात रंगिया-मुकोंगसेलेक (510 कि.मी.) भी पूरी हो गई है और पूरा खंड चालू वित्त वर्ष में काम करने लगेगा। बराक घाटी को जोड़ने अर्थात असम के दक्षिणी क्षेत्र को राष्ट्रीय राजधानी के लिए ब्रोडगेज रेल लिंक के साथ जोड़ने के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी गेज परिवर्तन परियोजना का लम्डिंग-बदरपुर सिल्चर भाग का अत्यधिक महत्व है। श्री सुरेश प्रभु
160	175	दूरदर्शन पर 24x7 समाचार चैनल सांस्कृतिक पहचान की अभिव्यक्ति के लिए और देश की विविधता के प्रति महत्तर जागरूकता सृजित करने हेतु, टी.वी. एक सशक्त और प्रभावशाली माध्यम है। पूर्वोत्तर की समृद्ध सांस्कृतिक और भाषायी पहचान को एक सशक्त माध्यम मुहैया कराने की दृष्टि से 24x7 एक चैनल ''अरुण प्रभा'' शुरू किया जाएगा। [नोडल मंत्रालय/विभागः सूचना और प्रसारण मंत्रालय]	एसएफसी प्रस्ताव 29.08.2014 को प्राप्त हुआ। मंत्रालय की टिप्पणी से प्रसार भारती को 24.09.2014 को अवगत करा दिया गया है। मामला प्रसार भारती में विचाराधीन है। श्री मनीष तिवारी
161	176	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम मेरी सरकार, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के विकास से सम्बंधित सभी मसलों के त्वरित निवारण के लिए कृत संकल्प है। संघीय सरकार की इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए दोनों ही राज्यों के सम्बन्ध में विविध मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्रावधान किए गए हैं। [नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]	आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के विकास के निम्नलिखित कार्य-कलाप किए जा रहे हैं: • वाम अतिवाद प्रभावित राज्यों में विशेष अवसंरचना स्कीम, विजाग में ग्रेहाउन्डस ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना। • विशाखापट्टनम और गुंटुर-विजयवाडा-तेनाली में मेट्रो रेल की संभाव्यता। • एक नए रेलवे जोन की स्थापना, तेलंगाना में रेल कोच फैक्टरी की संभाव्यता। • तेलंगाना में एनटीपीसी द्वारा 4000 मेगावाट क्षमता के विद्युत संयंत्र की स्थापना। • अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा और तिरुपति का विस्तार करने की संभाव्यता की जांच।

क्रम संख्या	तारांकित संख्या	माननीय सदस्य का नाम	उत्तर की विषय-वस्तु

ºÉ½BÉÉ {ÉÉ®´ÉcxÉ +ÉÉ® ®ÉVÉàÉÉMÉ àÉjÉÉãÉaÉ: भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तेलंगाना के पिछड़े क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा। इसमें 4,207 कि.मी. की लम्बाई सम्मिलित है। नई राजधानी को हैदराबाद से और तेलंगाना के अन्य महत्वपूर्ण शहरों से सड़क कनेक्टविटी के माध्यम से जोड़ना।

{É]ÉÉãÉaÉàÉ +ÉÉ® |ÉÉBÉÉÉiÉBÉÉ MÉºÉ àÉjÉÉãÉaÉ: पेट्रोलियम विश्वविद्यालय की स्थापना, आंध्र प्रदेश में ग्रीनफील्ड रिफाइनरी की संभाव्यता।

{ÉÉiÉ {ÉÉ®´ÉcxÉ àÉjÉÉãÉaÉ: दुग्गुरागपट्टनम बंदरगाह की स्थापना।

àÉÉxÉ´É ºÉºÉÉvÉxÉ É´ÉBÉÉÉºÉ àÉjÉÉãÉaÉ: आईआईटी, आईआईएम, आईआईएसईआर, जनजातीय विश्वविद्यालय, एनआईटी, केन्द्रीय विश्वविद्यालय जैसी संस्थाओं की स्थापना।

BÉÉBÉ +ÉxÉºÉvÉÉxÉ +ÉÉ® É¶ÉFÉÉ É´ÉÉÉÉMÉ: तेलंगाना में बागवानी विश्वविद्यालय की स्थापना।

É´ÉtÉiÉ àÉjÉÉãÉaÉ: तेलंगाना में 4000 मेगावाट क्षमता के प्लांट की स्थापना।

+ÉÉtÉÉÉMÉBÉÉ xÉÉÉiÉ +ÉÉ® ºÉ´ÉvÉxÉ É´ÉÉÉÉMÉ: विज़ाग-चेन्नई आद्यौगिक कॉरीडोर की संभाव्यता।

BÉÉÉaÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

162 177 ®ÉK]ÉaÉ ®ÉVÉvÉÉxÉÉ FÉjÉ, ÉnãÉÉ

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली हर साल भारी संख्या में बाहर से आने वाले लोगों से जूझती रही है। इससे दिल्ली ट्रांसमिशन सम्बन्धी विविध समस्याओं और जल-वितरण और आपूर्ति की अड़चनों से त्रस्त है। इन सभी समस्याओं से पार पाने और दिल्ली को एक विश्व स्तरीय नगर के रूप में विकसित करने के लिए, मैं विद्युत सुधारों के लिए 200 करोड़ रुपए तथा जल सुधारों के लिए 500 करोड़ रुपए की राशि का प्रस्ताव करता हूँ।

[नोडल मंत्रालय/विभागः दिल्ली सरकार, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]

É´ÉtÉiÉ ºÉvÉÉ®: योजना अनुमोदित कर दी गयी है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार को 200 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई।

VÉãÉ ºÉvÉÉ®: एसएफसी ने 16.12.2014 को हुई अपनी बैठक में रेणुका बांध के लिए 450 करोड़ रुपए और 50 करोड़ रुपए की राशि अनुमोदित की। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार को 270 करोड़ रुपए की राशि 22 दिसम्बर, 2014 को जारी की गई।

BÉÉÉ®´ÉÉ< {ÉhÉ

163 178 इसके अलावा, राजधानी क्षेत्र के दीर्घावधिक जलापूर्ति मुद्दों के समाधान के लिए, लम्बे अर्से से लम्बित रेणुका बांध का निर्माण प्राथमिकता पर किया जाएगा। इसके लिए, मैंने 50 करोड़ रुपए की आरम्भिक राशि की व्यवस्था की है।

[नोडल मंत्रालय/विभागः जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरूद्धार मंत्रालय]

रेणुका बांध के लिए, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार को 50 करोड़ रुपए की राशि 22 दिसम्बर, 2014 को जारी की गई।

BÉÉÉ®´ÉÉ< {ÉhÉ

क्रम सं.	उत्तर सं.	माननीय सदस्य का नाम	उत्तर का संक्षिप्त विवरण
164	179	अंडमान और निकोबार दीप समूह और पुडुचेरीअंडमान और निकोबार दीप समूह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का अटूट अंग हैं। इस द्वीप समूह की संचार संबंधी समस्याओं के समाधन के लिए, मैं 150 करोड़ रुपए की राशि आबंटित करने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]	गृह मंत्रालय ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के बजट के लिए अतिरिक्त 150 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की। बीएसएनएल ने प्रस्ताव निम्नलिखित रूप में प्रस्तुत कियाः • बीएसएनएल इन्सैट-3सी में सी-बैंड ट्रांसपोन्डर्स में आंतरिक समायोजन करके अक्टूबर, 2014 की समाप्ति तक, अतिरिक्त 50 एमबीपीएस द्वारा बैंडविड्थ बढ़ाएगा। • थाइकोम-6 से अतिरिक्त ट्रांसपोन्डरस किराये पर लेकर जनवरी, 2015 की समाप्ति तक और 300 एमबीपीएस द्वारा बैंडविड्थ बढ़ाई जाएगी। थाइकोम-6 के शीघ्र ही लांच होने की उम्मीद है। • इसरो के जीसैट-16 से 6-8 ट्रांसपोन्डरों का उपयोग करके मई, 2015 तक बैंडविड्थ क्षमता और 300 एमबीपीएस तक बढ़ाई जाएगी। मेनलैंड सहित अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और अंतर द्वीप समूह के बीच टेलीकॉम कनेक्टिविटी सुधारने के लिए अतिरिक्त सैटेलाइट ट्रांसपोन्डर को भाड़े पर लेने हेतु बीएसएनएल को दिए जाने वाले अनुदान के संबंध में संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन से प्राप्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट और व्यय वित्त समिति के लिए ज्ञापन दूर संचार विभाग को 9.10.2014 को इस अनुरोध के साथ भेजा गया है कि संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के प्रस्ताव की जांच कर ली जाए तथा इस प्रस्ताव में अंतर्ग्रस्त वित्तीय विविक्षा के बारे में व्यय वित्त समिति का अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाए। वित्तीय सहमति 19.1.2015 को दी गई। संचार मंत्रालय
165	180	इसी प्रकार, आपदा-रोधी तैयारियों की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए, मैं पुडुचेरी को 188 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का प्रस्ताव करता हूँ। [नोडल मंत्रालय/विभागः गृह मंत्रालय]	188 करोड़ रुपए का आबंटन किया गया था। पुडुचेरी सरकार अपने तारीख 04 सितम्बर, 2014 के पत्र द्वारा किए गए अनुरोध के अनुसार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण परियोजना के क्रियान्वयन के कारण 88,98,62,132/- रुपए की राशि पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र को 17.10.2014 को जारी कर दी गई। 99.01 करोड़ रुपए जारी करने के लिए पुडुचेरी संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त प्रस्ताव विचाराधीन है। गृह मंत्रालय
166	249	आयात और निर्यात कार्गो की त्वरित निकासी से परिवहन लागत कम हो जाती है और कारबार प्रतिस्पर्धा में सुधार होता है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति में मदद के लिए, विद्यमान 24x7 सीमा-शुल्क समाशोधन सुविधा को, सभी निर्यात-वस्तुओं के संबंध में 13 और हवाई	31.12.2014 से, 18 समुद्री पत्तनों पर विनिर्दिष्ट आयातों अर्थात इसमें प्रविष्टि के ''सुविधा प्राप्त'' बिल में शामिल वस्तुएं और कारखाना माल से भरे कंटेनर और विनिर्दिष्ट निर्यातों तथा निशुल्क लदान पत्रों के अंतर्गत निर्यातित सामान के लिए 24x7 सीमा-शुल्क समाशोधन की सुविधा शुरू की गई है। इसी प्रकार, 31.12.2014

क्रम संख्या	{ÉÞÉ oÉë.	¤ÉVÉ] PÉÉKÉhÉÉ	BÉEÉÉªÉÉx´ÉªÉxÉ BÉEÉÉ |ÉÉÉºIÉÉiÉ
		अड्डों के लिए तथा निर्दिष्ट आयात-निर्यात माल के संबंध में 14 और बंदरगाहों के लिए, देने के उपाय शुरु किए गए हैं। [नोडल मंत्रालय/विभागः राजस्व विभाग]	से, 17 हवाई कार्गो परिसरों में विशिष्ट आयातों अर्थात प्रविष्टि के सुविधा प्राप्त बिलों में शामिल वस्तुओं और लदान-पत्रों में शामिल सामान के समस्त निर्यातों के लिए 24x7 सीमा-शुल्क समाशोधन की सुविधा शुरू की गई है। BÉEÉ®´ÉÉ< {ÉhÉ
167	250	व्यापार को सुकर बनाने के लिए ''भारतीय कस्टम सिंगल विंडो प्रोजेक्ट'' कार्यान्वित करने का भी प्रस्ताव है। इसके अंतर्गत, आयातक और निर्यातक अपने समाशोधन दस्तावेजों को केवल एकल केंद्र पर दर्ज कराएंगे। यदि किसी अन्य विनियामक एजेंसियों से कोई अनुमति लेनी अपेक्षित हुई तो उसे ऑनलाईन प्राप्त किया जाएगा तथा व्यापारी को इन एजेंसियों से सम्पर्क करने की आश्यकता नहीं होगी। सरकारी एजेंसियों के साथ संपर्क करके, कारबार करने में लगने वाला समय एवं लागत कम हो जाएगी। [नोडल मंत्रालय/विभागः राजस्व विभाग]	सीमा-शुल्क समाशोधन में तेजी लाने के लिए सीमा-शुल्क सिंगल विंडो समाशोधन परियोजना शुरू की गई है। इसके अलावा, सीमा-शुल्क भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण/प्लांट क्वारनटाइन के बीच 31.3.2015 तक ऑनलाइन संदेश आदान-प्रदान स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है BÉEÉªÉ |ÉMÉÉiÉ {É®
168	*	फूड पार्क के रूप में निर्दिष्ट की जा रही कृषि-प्रसंस्करण यूनिटों को वहनीय ऋण प्रदान करने के लिए नाबार्ड में 2,000 करोड़ रुपए की एक विशिष्ट निधि की स्थापना करना। [नोडल मंत्रालय/विभागः वित्तीय सेवा विभाग; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय]	भारतीय रिज़र्व बैंक ने 26.8.2014 को नाबार्ड को 2,000 करोड़ रुपए आबंटित किए। नाबार्ड द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। BÉEÉ®´ÉÉ< {ÉhÉ
169	*	वित्त विधेयक में संशोधन करके पवन ऊर्जा के लिए त्वरित प्रसुविधा को बहाल करना। [नोडल मंत्रालय/विभागः राजस्व विभाग]	01 अप्रैल, 2014 को या उसके बाद संस्थापित पवन ऊर्जा परियोजना के लिए 80 प्रतिशत की दर पर त्वरित ह्रास प्रसुविधा की बहाली के लिए अधिसूचना 16 सितम्बर, 2014 को जारी कर दी गई है। BÉEÉ®´ÉÉ< {ÉhÉ
170	*	पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में 50 करोड़ रुपए के प्रारंभिक अंशदान से नशा-मुक्ति केंद्रों की स्थापना करना। [नोडल मंत्रालय/विभागः स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय]	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार और पंजाब सरकार के प्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में 07.11. 2014 को एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया कि इस मामले पर पीआईपी-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से, कार्रवाई की जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की टीम ने कहा है कि इस प्रस्ताव को अपने पीआईपी में मुख्य सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) पंजाब सरकार के माध्यम से अपर सचिव व एमडी (एनएचएम) को अग्रेषित कर दिया जाए। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के 19 नवम्बर, 2014 को मुख्य सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) पंजाब सरकार को लिखे पत्र को भी देख लिया जाए जिसकी प्रति अन्य के साथ, संयुक्त सचिव आर्थिक कार्य विभाग, भारत सरकार को पृष्ठांकित की गई है। BÉEÉªÉ |ÉMÉÉiÉ {É®

** ये घोषणाएं 18.07.2014 को संसद में बजट भाषण पर हुई चर्चा के दौरान की गई थी।*